# हिन्दी (सामान्य)- 2010

Time : 3 Hours] [Maximum Marks : 100

निर्देश- (1) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(2) प्रत्येक प्रश्न के लिए आबंटित अंक उसके सम्मुख अंकित हैं।

(3) आरम्भ में दिये गये वस्तुनिष्ठ प्रश्न सबसे पहले हल कीजिए।

(4) प्रश्न क्रमांक 1 से 5 में वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। प्रत्येक के लिए (5x5=25) एक-एक अंक निर्धारित हैं।

(5) प्रश्न क्रमांक 6 से 15 में प्रत्येक के लिए चार-चार अंक निर्धारित हैं।

(6) प्रश्न क्रमांक 16 से 20 में प्रत्येक के लिए पाँच-पाँच अंक निर्धारित हैं।

(7) प्रश्न क्रमांक 21 के लिए दस अंक निर्धारित हैं।

प्रश्न 1. निम्नलिखित रिक्त स्थानों की पूर्ति दिये गये विकल्पों के आधार पर कीजिए

(1) 'सूर के बालकृष्ण' में ....... रस का चित्रण हैं। (करुण/वात्सल्य)

(2) 'हिमालय और हम' कविता के रचनाकार ...... हैं। (गोपालसिंह 'नेपाली'/बाल कवि 'बैरागी')

(3) कस्तुरबा गाँधी, महात्मा गाँधी की .... थीं। (समकालीन/सहधर्मिणी)

(4) 'लोकोक्ति' का अर्थ है लोक में प्रचलित .....। (उक्ति/गीत)

(5) जीवन में .... की उपयोगिता बनी रहेगी। (सिनेमा/पुस्तक)

प्रश्न 2. निम्नलिखित कथनों के लिए सही विकल्प चुनिए

(1) 'गजानन' समास है-

(क) द्वन्द्व (ख) तत्पुरुष (ग) बहुब्रीहि (घ) कर्मधारय।

(2) 'जागो फिर एक बार' कविता के रचयिता है-

(क) श्री सुमित्रानंदन पन्त (ख) श्री सूर्यकान्त त्रिपाठी 'निराला'

(ख) श्री बालकवि बैरागी (घ) श्री जयशंकर प्रसाद।

(3) निम्नलिखित में से कौन वैज्ञानिक नहीं है?

(क) विवेकानन्द (ख) होमी जहाँगीर भाभा (ग) विक्रम साराभाई (घ) सी.वी. रमन।

(4) हिन्दी निबन्ध का उद्भव काल है-

(क) द्विवेदी युग (ख) भारतेन्दु युग (ग) शुक्ल युग (घ) शुक्लोत्तर युग

(5) मंत्री स्वयं राजकाज नहीं सँभालना चाहते थे, क्योंकि-

(क) राजकाज में उनकी रुचि नहीं थी (ख) वे राजा के उत्तराधिकारी नहीं थे

(ग) प्रजा उन्हें पसंद नहीं करती थी (घ) वे स्वयं बहुत वृद्ध थे।

प्रश्न 3. निम्नलिखित कथनों में सत्य/असत्य छाँटिए-

(1) भारत में प्राचीनकाल में रेखागणित का प्रयोग ज्यामिति के नाम से किया जाता था।

(2) रहीम के अनुसार कुसंग से कीर्ति बढ़ती है।

(3) भक्तिकाल के रामभक्त कवियों में तुलसीदास का नाम सर्वोपरि हैं।

(4) 'सूटेबल' हिन्दी का देशज शब्द है।

(5) बीमार मेहमान के इलाज को लेकर गृहस्वामी और उसकी पत्नी मे आपसी सहमति थी।

प्रश्न 4. निम्नलिखित की सही जोड़ी बनाइए-

| | |
|---|---|
| (1) ठेस | (क) कविता |
| (2) दक्षिण भारत की एक झलक | (ख) लोक-कथा |
| (3) अनुभव में 'अनु' है | (ग) कहानी |
| (4) माँ | (घ) निबन्ध |
| (5) हंसिनी की भविष्यवाणी | (ङ) उपसर्ग |

प्रश्न 5. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक शब्द अथवा एक वाक्य में दीजिए- 5

(1) राष्ट्र-माता किसे कहा गया है?

(2) आँखों से बहने वाले आँसू क्या व्यक्त करते हैं?

(3) 'पृथ्वी' और 'अग्नि' मिसाइलें किस देश की सेना में शामिल की गई हैं?

(4) यशोधरा ने 'वसंत' किसे कहा है?

(5) विश्व की शुभ-कामना किसे कहा गया है?

प्रश्न 6. यशोदा ने कृष्ण को वन की क्या-क्या कठिनाईयाँ बताई?

(अथवा) समुद्र के जल की अपेक्षा कुएँ के जल की प्रशंसा कविवर रहीम ने क्यों की है?

प्रश्न 7. छत्रशाल की बरछी की विशेषताएँ लिखिए।

(अथवा) शिशु के छिनने पर सिंही और मेषमाता के व्यवहार में क्या अन्तर होता है?

प्रश्न 8. हमने दूसरों को क्या सौंप दिया हैं?

(अथवा) पंचतत्वों के किन गुणों को माँ धारण किये हुए हैं?

प्रश्न 9. जब बिजली चली गई तो लेखक को किन-किन कठिनाइयों का सामना करना पड़ा?

(अथवा) मानू ने सिरचन को पान का बीड़ा देते समय क्या सलाह दी थी?

प्रश्न 10. बल की दृष्टि से पश्चिम और भारत में क्या अंतर हैं?

(अथवा) शिक्षा के क्षेत्र में कौन-कौन से आचार्य प्रसिद्ध हुए हैं?

प्रश्न 11. दुनिया में कौन सी दो अमोघ शक्तियाँ हैं? कस्तूरबा की निष्ठा किसमें अधिक थीं? (अथवा) पार्वती जी का नाम कन्याकुमारी क्यों पड़ा?

प्रश्न 12. निबंध की परिभाषा लिखिए व द्विवेदी युग के किन्हीं दो निबन्धकारों के नाम लिखिए।

(अथवा) निबंध के भेद लिखते हुए विचारात्मक निबंध को संक्षेप में समझाइए।

प्रश्न 13. (अ) निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ लिखकर वाक्यों में प्रयोग कीजिए-(कोई दो)

(क) फूट-फूटकर रोना (ख) नाक में दम होना (ग) कमर कसना

(ब) निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध कीजिए- (कोई दो)

(क) शीला के मस्तक में भारी सिरदर्द हैं। (ख) तुम तुम्हारे घर जाओ।

(ग) पुस्तक चुराया जाता है। http://www.mpboardonline.com

प्रश्न 14. (अ) निम्नलिखित समोच्चारित शब्द युग्मों का अलग-अलग अर्थों में प्रयोग करते हुए वाक्य बनाइए- (कोई दो)

(क) तरणि-तरणी (ख) बात-वात (ग) अविलम्ब-अवलम्ब

(ब) निर्देशानुसार वाक्य बदलिए- (कोई दो)

(क) बालक रो-रोकर चुप हो गया। (संयुक्त वाक्य)

(ख) मजदूर परिश्रम करता है लेकिन उसका लाभ उसे नहीं मिलता। (साधारण वाक्य)

(ग) आपको चुप रहना चाहिए। (आज्ञावाचक वाक्य)

प्रश्न 15. निम्नलिखित अवतरणों में से किसी एक का भाव-पल्लवन कीजिए-

(अ) है अमर हिमालय धरती पर, तो भारतवासी अविनाशी।

(ब) जज के पथ-प्रदर्शन के लिए कानून भी होते हैं और नजीर भी।

प्रश्न 16. निम्नलिखित गद्यांश की संदर्भ व प्रसंग सहित व्याख्या कीजिए-

रावण भी बली था राम भी, कृष्ण में भी बल का अधिष्ठान था और कंस में भी, पर एक की आज जयंती मनाई जाती है और दूसरे का स्मरण हमारे हृदयों में घृणा के उद्रेक का कारण होता है।

(अथवा) पागल कौन है? वह जो पुस्तक लिखता है या वह जो पुस्तकालयों को जलाता है, जलवाता है। क्या होता है किसी पुस्तक का जलना? क्या होता है किसी पुस्तकालय का जलना? जितना सोचता हूँ, उतनी खिन्नता बढ़ती है। हर पुस्तक अपनें में लम्बी साधना व परिश्रण का प्रतिफल होती हैं।

प्रश्न 17. निम्नलिखित पद्य-खण्ड की संदर्भ व प्रसंग सहित व्याख्या कीजिए- 5

बसि कुसंग चाहत कुसल, यह रहीम जिय सोस।

महिमा घटी समुद्र की रावन बस्यो परोस।।

(अथवा) माँ बस यह वरदान चाहिए।

जीवन पथ जो कंटकमय हो,

विपदाओं का घोर वलय हो।

किन्तु कामना एक यही बस,

प्रतिपल पग गतिमान चाहिए।

प्रश्न 18. निम्नलिखित अपठित पद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए-

तुम हो धरती के पुत्र न हिम्मत हारो, श्रम की पूँजी से अपना काज सँवारो। श्रम की सीपी में ही वैभव पलता है, तब स्वाभिमान का दीप स्वयं जलता है। मिट जाता है दैन्य स्वयं एक क्षण में, छा जाती है दीप्ति धरा के कण में। जागो, जागो श्रम से नाता तुम जोड़ो, पथ चुनो काम का, आलस भाव तुम छोड़ो।।

प्रश्न- (क) उपर्युक्त पंक्तियों का भाव स्पष्ट कीजिए।

(ख) कवि ने किस पूँजी से बिगड़े कार्य सँवारने की बात कही हैं?

(ग) उपर्युक्त गद्यांश का समुचित शीर्षक दीजिए।

प्रश्न 19. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे लिखे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए-

अहिंसा भी सत्य का पूरक रूप है। अहिंसा का व्यवहार सत्य है। अहिंसा में दूसरे के अधिकारों की विशेषकर जीवधारियों की स्वीकृति रहती है। अहिंसा मनसावाचा-कर्मणा तीनों से होती है। अहिंसा के पीछे 'जियो और जीने दो' का सिद्धान्त रहता है। जहाँ अहिंसा का गान नहीं, वहाँ मानवता नहीं। अहिंसा मानवता का पर्याय है। मनुष्य को उस जान को लेने का अधिकार नहीं, जिसे वह दे नहीं सकता। हिंसा केवल जान लेने में ही नहीं है वरन् दूसरों के स्वाभिमान को आघात पहुँचाने में भी होती है।

प्रश्न- (क) उपर्युक्त गद्यांश का समुचित शीर्षक दीजिए।

(ख) मानवता का पर्याय किसे कहते हैं?

(ग) उपर्युक्त गद्यांश का सारांश लिखिए।

प्रश्न 20. शाला-शुल्क मुक्ति हेतु अपने आर्थिक कारण बताते हुए अपने विद्यालय के प्राचार्य को एक आवेदन पत्र लिखिए।

(अथवा) अपने पिताजी को अपनी बोर्ड परीक्षा की तैयारी की सूचना देते हुए पत्र लिखिए।

प्रश्न 21. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर निबंध लिखिए- 10

(क) कम्प्यूटर शिक्षा का महत्व

(ख) राष्ट्रीय एकता

(ग) जीवन में खेलों का महत्व

(घ) भारतीय समाज में महिला की स्थिति।

(ङ) आतंकवाद-समस्या और समाधान।

********